Title: Need to engage Private Companies for mining activities in Bundelkhand Region, Uttar Pradesh.

श्री राजनारायण बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.): सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश के बुन्देलखंड क्षेत्र महोबा-हमीरपुर-झाँसी-ललितपुर-बाँदा-चित्रकूट-जालौन में बड़ी मात्रा में कॉपर, लेड, जिंक, गोल्ड, डायमण्ड प्रेसियस स्टोन आदि मौजूद हैं। विभिन्न खनिज अन्वेषण प्रा0 लि0 कम्पनियों ने रिकोनिये सोन परमिट की स्वीकृति हेतु उ0प्र0 सरकार के माध्यम से आवेदन किये हैं। यदि इन कम्पनियों के आवेदन पर सरकार शीघ्र विचार कर खनिज अन्वेषण हेतु अविलम्ब स्वीकृति प्रदान करती है तो उक्त खनिज भण्डारों की खोज का कार्य प्रारम्भ हो सकेगा।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त खनिज अन्वेषण का कार्य शीघ्र कराने हेतु उक्त कम्पनियों के आवेदन पर यथाशीघ्र विचार कर खनिज अन्वेषण की स्वीकृत प्रदान करने का कष्ट करें।